वी.यू. में श्वानों में इकोकार्डियोग्राफी सहित अन्य नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सर्जरी विभाग में श्वानों में बीमारियों के निदान हेतु नवीनतम तकनीकों जैसे इकोकार्डियोग्राफी, एन्डोस्कोपी, लेपरोस्कोपी, कलर डॉप्लर, अल्ट्रासोनोग्राफी तथा एक्स–रे विषय पर पॉच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में जम्मू–कश्मीर, मुंबई, प्रयागराज, हैदराबाद, गाजियाबाद, फरीदकोट (पंजाब) एवं प्रदेश के अन्य शहरों में 12 प्रतिभागी शुल्क देकर नामित हुए है तथा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस प्रशिक्षण की निर्देशक डॉ. अपरा शाही एवं समन्वयक डॉ. शोभा जावरे, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. बबीता दास एवं डॉ. प्रियंका पाण्डे है।

इस प्रशिक्षण के मंख्य संरक्षक माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने बताया कि यह विश्वविद्यालय में अपने प्रकार का पहला प्रशिक्षण है, तथा विश्वविद्यालय इस प्रकार से रिसोर्स जनरेशन कर सकता है। प्रशिक्षण फिल्ड विटरिनरी तथा टेक्निकल नॉलेज बढ़ाने का एक अच्छा अवसर है। ऐंसे प्रशिक्षण दूसरे विभागों में भी करवाये जायेंगे। इस प्रशिक्षण से श्वानों में भी हृदय रोग एवं अन्य जटिल बीमारियों का निदान एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर चिकित्सक उत्तम इलाज कर सकेंगे। डॉ. आर.पी.एस. बघेल ने प्रशिक्षण के सफल होने की कामना की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर